प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 09.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. गिरिडीह पहुंची अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा; जल जीवन मिशन में गड़बड़ी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर उठाए सवाल।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र; राज्य के उपभोक्ताओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर या 200 रुपये सब्सिडी देने का किया अनुरोध।
3. रांची जिला प्रशासन आज करेगा निजी स्कूलों के साथ बड़ी बैठक; आरटीई नियमों के पालन पर प्राचार्यों को दिए जाएंगे सख्त निर्देश।
4. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के 5 जिलों में आज के लिए जारी किया ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट; 60 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी हवा।
5. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड ओलंपिक संघ के बीच हुई अहम बैठक; 2036 ओलंपिक के लिए राज्य में बनेगा विशेष रोडमैप।

*******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि जिस तरह बंगाल की जनता ने टीएमसी के कुशासन को नकारा है, उसी तरह झारखंड की जनता भी भ्रष्टाचार से त्रस्त है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कांग्रेस के प्रमुख चुनावी वादे को लागू करने का अनुरोध किया है। मंत्री ने राज्य के उपभोक्ताओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने या 200 रुपये की सीधी सब्सिडी देने की मांग की है।

अपने पत्र में उन्होंने जोर देकर कहा कि गठबंधन सरकार ने जनता से यह वादा किया था, जिसे अब पूरा करने का समय आ गया है।

*******************

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में भोजपुरी, मगही और अंगिका जैसी भाषाओं को लेकर जारी विवाद के बीच राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने भाषा संबंधी विसंगतियों पर विचार करने के लिए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमिटी में कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव, दीपिका पांडे सिंह, योगेंद्र प्रसाद और सुदिव्य कुमार को शामिल किया गया है।

*******************

रांची जिला प्रशासन ने जिले के सभी निजी स्कूलों के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। उपायुक्त की अध्यक्षता में यह बैठक आज रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड से जुड़े सभी निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में आरटीई के तहत बच्चों के नामांकन और नियमों के पालन से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

*******************

रांची नगर निगम ने पूरे शहर में सोलर लाइटें लगाकर सड़कों और पार्कों को रोशन करने की योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य शहर को ग्रीन सिटी बनाना और बिजली बिल कम करना है। मेयर रौशनी खलखो ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे रांची न केवल आत्मनिर्भर बनेगी, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

*******************

राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में मुख्य आरोपी अरविंद सिंह को सर्वोच्च अदालत से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विजय विश्नोई की खंडपीठ ने इस मामले में एसीबी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

*******************

गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के ईसरी बाजार में कल देर शाम एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने कई लोगों को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हैं। उपायुक्त राम निवास यादव ने स्वयं घटनास्थल और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उपायुक्त ने लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद के अस्पतालों को भी एलर्ट मोड पर रखा है।

*******************

रांची के भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में बांग्ला सांस्कृतिक मेला–2026 की भव्य शुरुआत हो गई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह मेला भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में बांग्ला संस्कृति के अमूल्य योगदान की सराहना की।

*******************

रांची सदर अस्पताल में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थैलेसीमिया मरीजों के जज्बे और उनके जीवन के संघर्षों को सम्मानित किया गया। विशेषज्ञों ने सुरक्षित रक्त दान और इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया ताकि भविष्य में इसे रोका जा सके।

*******************

राज्य में 14 मई तक रुक–रुक कर बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने विशेष रूप से आज के लिए रांची, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़ और खूंटी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में ओलावृष्टि के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है।

*******************

झारखंड को खेल हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर राज्य में खेल विकास की नई रूपरेखा साझा की। बैठक का मुख्य फोकस 2036 ओलंपिक रहा,

*******************

चीन में चल रहे एएफसी अंडर–17 महिला एशियन कप से भारत के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। भारतीय टीम ने लेबनान को 4–0 से करारी शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शुरुआती हार के बाद टीम ने यह शानदार वापसी की है। झारखंड के लिए यह गौरव का पल है क्योंकि इस टीम में राज्य की चार स्टार खिलाड़ी– एलिजाबेथ लकड़ा, सूरजमणि कुमारी, अनुष्का कुमारी और दिव्यानी लिंडा शामिल हैं।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– शुभेंदु बंगाल के अधिकारी।
प्रभात खबर के शब्द हैं– जेटेट मामले में पांच मंत्रियों की कमिटी तय करेगी जिलों के लिए भाषा।
हिन्दुस्तान वेतन घोटाला मामले में लिखता है– बोकारो से कई दस्तावेज लेकर लौटी जांच टीम।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– गिरिडीह में लोगों को रौंदते हुए बाजार में घुसा ट्रक, पांच लोगों की मौत।

*****************